भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय
ग्रामीण विकास विभाग
....
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 123
(24 नवंबर, 2014 को उत्तर दिए जाने के लिए)

विकास योजनाओं का प्रभाव

123. श्री जुगुल किशोरः

क्या ग्रामीण विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने ग्रामीणों के जीवन पर विभिन्न विकास योजनाओं के प्रभाव का आंकलन करने के लिए कोई अध्ययन कराया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी योजना-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा इस पर योजना-वार क्या अनुवर्ती कदम उठाए जा रहे हैं/उठाए जाने का प्रस्ताव है?

उत्तर
ग्रामीण विकास मंत्री
(श्री बीरेन्द्र सिंह)

(क) और (ख): मंत्रालय ने तीसरे पक्ष के स्वतंत्र मूल्यांकनकर्ताओं के माध्यम से प्रभाव निर्धारण सहित मूल्यांकन अध्ययन कराए हैं। संपन्न हुए कुछ मूल्यांकन/प्रभाव निर्धारण अध्ययनों में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) का प्रभाव निर्धारण अध्ययन, एसजीएसवाई के अंतर्गत रोजगार से संबद्ध विशेष कौशल विकास परियोजनाओं का मूल्यांकन/प्रभाव निर्धारण अध्ययन, राज्य ग्रामीण विकास संस्थानों (एसआईआरडी) द्वारा संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों का मूल्यांकन शामिल हैं।

(ग): विभिन्न अध्ययनों के निष्कर्षों के आधार पर मध्यावधि सुधार उपाय करने के लिए ये रिपोर्टें राज्यों/जिला ग्रामीण विकास एजेंसियों (डीआरडीए)/मंत्रालय के कार्यक्रम प्रभागों सहित सभी संबंधित प्राधिकारियों को भेजी गई हैं। अधिकारी भी इन निष्कर्षों के विषय में संबंधित अधिकारियों के साथ राज्यों/जिलों के अपने दौरों के समय और परियोजना निदेशकों के सम्मेलनों, ग्रामीण विकास मंत्री/ग्रामीण विकास राज्य मंत्री/सचिव(ग्रामीण विकास) इत्यादि की समीक्षा बैठकों में चर्चा करते हैं। इसके अतिरिक्त इन अध्ययनों की रिपोर्टें सरकार के संबंधित

विभागों/मंत्रालयों को भी व्यापक पैमाने पर वितरित की जाती हैं। मंत्रालय नई स्कीम (स्कीमें)/परियोजना (परियोजनाएं) शुरू करते समय या मौजूदा स्कीम (स्कीमें)/परियोजना (परियोजनाएं) आशोधित करते समय इन मूल्यांकन अध्ययनों के निष्कर्षों और सिफारिशों को ध्यान में रखता है।